ATOMIC ENERGY CENTRAL SCHOOL, ___________				
WORKSHEET-CYCLE ______				
SUBJECT-HINDI				**CLASS-11**
LESSON- कबीर				**MODULE-1/1**
NAME OF THE STUDENT				
ROLL NO.			**DATE:**	
MAX MARKS:		**MARKS OBTAINED**		

1.प्रश्न -काव्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए- 2x4=8

हम तौ एक एक करि जाना।
दोई कहैं तिनहीं कौं दोजग जिन नाहिन पहिचानां ॥
एकै पवन एक ही पानी एकै जोति समांनां॥
एकै खाक गढ़े सब भांड़े एकै कोहरा सांनां॥
जैसे ढ़ी काष्ट ही काटै अगिनि न काटै कोई॥
सब घटि अंतरि तूँही व्यापक धरै सरूपै सोई॥
माया देखि के जगत लुभांनां काहे रे नर गरबांनां ॥
निरभै भया कछू नहिं ब्यापै कहै कबीर दिवांनां॥

(क) कबीर संसार में किस एक को मानते हैं?
(ख) कवि ने परमात्मा की एकता किस प्रकार सिद्ध की है?
(ग) संसार नश्वर है किन्तु आत्मा अमर है- इस बात को किस उदाहरण से सिद्ध किया गया है?
(घ) कवि मनुष्य को किन-किन दोषों से बचने की चेतावनी देता है?

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या एक वाक्य में लिखिए- 1x7=7

(क) कबीर किस काल के कवि है?
(ख) कबीर किस धारा के कवि है?
(ग) कबीर का जन्म कहाँ हुआ था?
(घ) कबीर की मृत्यु कहाँ हुई थी?
(ड.) कबीर के पालन-पोषण करने वाले माता-पिता कौन थे?
(च) कबीर ने किस व्यवसाय को अपनाया?
(छ) कबीर के उपदेश किस ग्रंथ में संकलित हैं?